कार्यालय
प्रभागीय वनाधिकारी, अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा

दूरभाष : 05962.230065, फैक्सः 05962.232182ई–मेल almoraforestdivision@rediffmail.com

पत्रांक 1475 / 12-1(2) अल्मोड़ा दिनांक 18-9-2023

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त,
उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

विषय – जनपद अल्मोड़ा में विकास खण्ड सल्ट में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत सरना से मलिहारी लिंक मोटर मार्गद्ध निर्माण हेतु 4.286 है0 वनभूमि का गैरवानिकी कार्यो हेतु ग्राम्य विभाग विभाग को प्रत्यावर्तन करने के सम्बन्ध में। (प्रस्ताव संख्या FP/UK/ROAD/33105/2018)

सन्दर्भ :– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड, देहरादून का पत्रांक 422 / 12–1 दिनांक 01.09.2023 एवं इस कार्यालय का पत्रांक 377 / 12–1(2) दिनांक 19.07.2023।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि इस कार्यालय द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षित कर पूर्व में पत्र अग्रेसित किया गया था, जिसमें नाम का उल्लेख नहीं किया गया था।

उक्त सम्बन्ध में पुनः संस्तुति के साथ दिनांक 22.06.2023 की स्थलीय आख्या निम्नवत प्रेषित की जाती है –

"मोटर मार्ग निर्माण कार्य से पूर्व छपान किये गये संरेखण के अनुसार ही मोटर मार्ग निर्माण कार्य किया गया है, परन्तु प्रस्तावक विभाग द्वारा ऑनलाईन पोर्टल पर त्रुटिवश गलत के0एम0एल0 फाईल आपलोड किये जाने के सम्बन्ध में बताया गया है। मौके पर उपस्थित वन विभाग व प्रस्तावक विभाग के कर्मचारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रस्ताव में प्रभावित वृक्षों के सापेक्ष ही स्वीकृत संरेखण में वृक्षों का छपान कार्य किया गया था व वन निगम द्वारा भी प्रस्ताव में प्रभावित कुल वृक्ष 169 का पातन किया गया जिसमें से 51 वृक्ष वन भूमि पर प्रभावित हो रहे थे। प्रस्तावक विभाग द्वारा मौके पर संरेखण परिवर्तन नहीं किया गया है जिससे वन संरक्षण अधिनियम, 1980 का उल्लंघन नहीं होना पाया गया।"

अतः उपरोक्त क्रम में प्रस्ताव पर अग्रेत्तर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(दीपक सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा।

पत्रांक 1475/ 12-1(2) उक्त दिनांकित।

प्रतिलिपि– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(दीपक सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा।

E:\2- data transfer\Land transfer letter 2022.docx